श्याम रंगीला श्याम घोड़ा है नीला भजन लिरिक्स

श्याम रंगीला,
श्याम घोड़ा है नीला,
घोड़े पे है,
बाबा की सवारियां,
श्याम रँगीला,
श्याम घोड़ा है नीला।bd।

तर्ज – गोरी है कलाइयां।

मोर मुकुट माथे,
तिलक विराजे,
गल बैजंती माला साजे,
नैन कजरारे,
बाल है घूंघर वाले,
यही तो है बाबा की निशानियां,
श्याम रँगीला,
श्याम घोड़ा है नीला।bd।

सांवली सूरत पे,
वारि वारि जाऊं,
श्याम बाबा का मैं,
ध्यान लगाऊं,
श्याम सरकार है,
बाबा बड़ा दिलदार है,
मशहूर बाबा की कहानियां,
श्याम रँगीला,
श्याम घोड़ा है नीला।bd।

'बनवारी' बाबा को,
जो भी बुलाएगा,
लीले पे चढ़ के बाबा,
दौड़ा दौड़ा आएगा,
जो भी मनाएगा,
और ध्यान लगाएगा,
बाबा करेगा मेहरबानियां,
श्याम रँगीला,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम घोड़ा है नीला।bd।

श्याम रंगीला,
श्याम घोड़ा है नीला,
घोड़े पे है,
बाबा की सवारियां,
श्याम रँगीला,
श्याम घोड़ा है नीला।bd।

Singer – Sourabh Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com